आकाशवाणी शिमला

02.05.2025/प्रादेशिक समाचार/15.00बजे

वेव्स–वैश्विक मीडियासंवाद

वेव्स शिखर सम्मेलन में आज सुबह वैश्विक मीडिया संवाद प्रारंभ हुआ। विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन इस संवाद में भाग ले रहे हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन विदेश मंत्रालय के सहयोग से कर रहा है। वेव्स शिखर सम्मेलन वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के साथ भारत के जुड़ाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस सम्मेलन में 60 से अधिक देश भाग ले रहे हैं, जिनमें एशिया, यूरोप, अफ्रीका और अमरीका के प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढावा देना, सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को विस्तार देना और वैश्विक मीडिया क्षेत्र में नीति निर्धारण करना, प्रतिभाओं का आदान प्रदान करना तथा क्षमता निर्माण के नये विकल्प तलाशना है।

रणधीर शर्मा

भाजपा प्रवक्ता व विधायक रणधीर शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस के संविधान बचाओ अभियान के तहत बिलासपुर में हुए हंगामे से कांग्रेस की अंतर्कल्ह जनता के सामने आ गई है। आज शिमला में एक पत्रकारवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान बचाओ नहीं बल्कि कांग्रेस बचाओ अभियान चला रही है और उसमें भी वो पूरी तरह विफल रही है। रणधीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली से प्रदेश की जनता और उनके मंत्री भी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में हुई बैठक के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी यही कहा है कि न तो उनकी सुनवाई प्रदेश सरकार में है और न ही केन्द्रीय आलाकमान के पास। रणधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश का हर वर्ग मुख्यमंत्री से दुखी है तो ऐसे हालात में उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।

जागरूकता अभियान

हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा चार माह तक चलने वाले एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान आरम्भ किया गया है। इस अभियान का शुभारंभ कल परियोजना निदेशक राजीव कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि इस जागरूकता अभियान के दौरान प्रतिदिन विभिन्न वेब चैनलों और पोर्टलों के माध्यम से एचआईवी एड्स से संबंधित जागरूकता संदेश प्रसारित किए जाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य आमलोगों को एचआईवी संक्रमण की रोकथाम, उपचार और इससे जुड़ी भ्रांतियों के प्रति जागरूक करना है।

पर्यटन सीजन

चंबा जिला में पर्यटन सीजन को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि डल्हौजी, खजियार सहित अन्य पर्यटन स्थलों में सैलानियों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्था की जा रही है और सीमावर्ती क्षेत्रों में भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

लोक अदालत

हिमाचल प्रदेश की सभी अदालतों में 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाली इस लोक अदालत में निपटान के लिए विभिन्न अदालतों द्वारा अभी तक करीब 73 हजार मामलों की पहचान की गई है। लोक अदालत ने ट्रैफिक मैजिस्ट्रेट के न्यायालयों में एम.वी. चालान मामलों में ई.पे यानि ई–कोर्ट डिजिटल भुगतान के माध्यम से कम्पाउंडिंग शुल्क के भुगतान की ऑनलाईन सुविधा भी प्रदान की गई है।